कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर।
ठेको की नीलामी की सार्वजनिक सूचना

पत्रांक 598/I   दिनांक 20-2-20

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय परिसर में तथा नगर निगम पार्क में स्थित विभिन्न ठेको की नीलामी की कार्यवाही वित्तीय वर्ष 2020–2021 हेतु (दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2021) तक की अवधि के लिये दिनांक 06.03.2020, को पूर्वान्ह 4:00 बजे प्रथम तल के बरामदे में सम्पादित की जायेगी जो व्यक्ति/संस्था न्यायालय परिसर के ठेका नं0 1, 2 व 3, तथा नगर निगम पार्क स्थित ठेका शॉप नं0–4 फोटोकापी मशीन चलाने हेतु ठेकों की नीलामी मे भाग लेना चाहते हो वे एक प्रार्थना पत्र के साथ अपना हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई.डी व पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करते हुए केन्द्रीय नजारत में जमानत की धनराशि रूपया 20,000/–कैशियर के पास दिनांक 06.03.2020 को पूर्वान्ह 2:00 बजे तक जमा करेंगे उक्त धनराशि नीलामी समाप्त होने के बाद उन्हें वापस की जायेगी।

सन्दर्भित नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को बोली की आधी धनराशि तत्काल केन्द्रीय नजारत में जमा करनी होगी। तथा शेष धनराशि दो दिन में जमा करनी होगी अन्यथा उक्त बोली को निरस्त कर दिया जायेगा। सन्दर्भित बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को ठेका प्राप्त करने के लिये निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दो दिन के अन्दर निष्पादित करना होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि–

1–बोली बोलने वाला व्यक्ति बकायेदार व काली सूची के अर्न्तगत न आता हो।

2–बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही विचाराधीन हो। इस आशय का शपथपत्र बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली में भाग लेने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3–बोली स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित रहेगा।

जनपद न्यायालय, कानपुर नगर परिसर में स्थापित ठेका का विवरण

1– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।

2– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग (मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के पास)।

3– ठेका चाट का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।

जनपद न्यायालय, कानपुर नगर के नगर निगम पार्क में स्थित ठेका का विवरण:–

1– ठेका शॉप नं0–4 फोटोकापी मशीन।

प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

इस नीलामी की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, कार्या0 जिलाधिकारी व तहसील कानपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये व एक प्रति जन सूचना अधिकारी कानपुर को प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

इस सूचना को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को अवगत कराया जाये।

प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर

अनुमोदित।

जनपद न्यायाधीश,
कानपुर नगर।

DISTRICT JUDGE
KANPUR-NAGAR